# देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

विश्वविद्यालय भवन
इन्दौर : 452 001

क्रमांक : परीक्षा / एम.बी.बी.एस. / 2025 / 298
दिनांक : 19 MAY 2025

## // अधिसूचना //

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर की एम.बी.बी.एस. I, II, III-I & III-II प्रोफ की परीक्षाएं जून 2025 में होना प्रस्तावित है। इन परीक्षाओं का परीक्षा कार्यक्रम पृथक से घोषित किया जाएगा। परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की तिथियॉ निम्नानुसार निर्धारित की गई हैं :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| **1-** | **बिना विलम्ब शुल्क के** | : | **दिनांक 28/05/2025 तक** |
| **2-** | **विलम्ब शुल्क रू. 100/- सहित** | : | **दिनांक 29/05/2025 तक** |
| **3-** | **कुलपति महोदय की विशेष अनुमति से विलम्ब शुल्क रू. 750/- सहित** | : | **दिनांक 30/05/2025 तक** |

**4-** **परीक्षा प्रारंभ होने के पांच दिन पूर्व तक कुलपति महोदय की विशेष अनुमति से विलम्ब शुल्क रू. 1000/- सहित परीक्षा आवेदन पत्र जमा किये जा सकेगे।**

(2) परीक्षा आवेदन-पत्र प्राप्त करने के लिये विद्यार्थीगण प्रथमतः संबंधित महाविद्यालय/ संस्थान में रूपये 10/- भुगतान करके चालान प्राप्त करेंगे। इसके पश्चात् परीक्षा शुल्क एवं परीक्षा आवेदन पत्र की कीमत रू. 75/-स्टैट बैंक ऑफ इन्दौर/बैंक ऑफ इण्डिया की निर्दिष्ट शाखा में जमा करने पर ही महाविद्यालय/संस्थान द्वारा परीक्षा आवेदन-पत्र दिया जा सकेगा। इन परीक्षाओं में सम्मिलित होने के समस्त इच्छुक परीक्षार्थी निर्धारित तिथि में महाविद्यालय/संस्थान में परीक्षा आवेदन-पत्र जमा कर सकते हैं ।

(3) परीक्षा शुल्क निम्नानुसार रहेगा :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1/ | परीक्षा शुल्क (सभी विषय) | रू. | 2700/- |
| 2/ | परीक्षा शुल्क (एक विषय) | रू. | 1400/- |
| 2/ | परीक्षा आवेदन पत्र की कीमत | रू. | 75*/- |
| 3/ | अंकसूची | रू. | 100/- |
| 4/ | कमजोर वर्ग के लिये बुक बैंक कोष | रू. | 05/- |
| 5/ | छात्र कल्याण शुल्क | रू. | 50/- |
| 6/ | छात्र दुर्घटना कोष | रू. | 30/- |
| 7/ | छात्र अपंगता सहायता कोष | रू. | 30/- |
| 8/ | वि.वि. क्रीड़ा शुल्क | रू. | 50/- |

*(*) जो छात्र/छात्राएं स्वयं परीक्षा आवेदन-पत्र डाउनलोड कर भरेगें उन्हें रूपये 60/- परीक्षा आवेदन-पत्र शुल्क देय होगा एवं जो महाविद्यालय से परीक्षा आवेदन-पत्र प्राप्त करेगे उन्हें आवेदन-पत्र शुल्क रूपये 75/- लगेगा।*

*अविरत....2*

(4) परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे कि जिन परीक्षार्थियों का परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित किया जा रहा है उनका संबंधित परीक्षा में शैक्षणिक सत्र की अवधि नियमानुसार पूर्ण हो रही है यदि किसी परीक्षार्थी की शैक्षणिक अवधि पूर्ण न हो तो ऐसे परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र विश्वविद्यालय को न भेजें।

(5) परीक्षा आवेदन पत्र के साथ संलग्न कम्प्युटर फार्म क्रमांक – 7 के खानों में नाम, प्रयास, श्रेणी महाविद्यालयीन कोड एवं केरी मार्क (CF) की पूर्ति कोड सहित स्पष्ट रूप से करना है। परीक्षार्थीयों से पूर्व में उत्तीर्ण एवं अनुत्तीर्ण परीक्षाओं की अंकसूची के साथ हाईस्कूल (12वी) की अंकसूची भी आवेदन पत्र के साथ प्रमाणित प्रति संलग्न की जाना हैं।

(6) परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय में जमा कराते समय विश्वविद्यालय से सम्बद्धता का पत्र अवश्य संलग्न करें।

(7) परीक्षार्थीयों की उपस्थिति विश्वविद्यालय के अध्यादेश क्रमांक 6 की कण्डिका 7 के अनुसार निर्धारित कर ही परीक्षार्थीयों के परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की ओर अग्रेषित करें। इसकी सम्पूर्ण जवाबदारी महाविद्यालय के प्राचार्य/प्राचार्या/डीन की होगी।

परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठा क्रमांक : परीक्षा/एम.बी.बी.एस./2025/298 दिनांक : 19 MAY 2025

प्रतिलिपि :–

1– डीन. एम.जी.एम. मेडिकल कॉलेज, इन्दौर 1.श्री अरविन्दो इंस्टी. ऑफ मेडिकल साईन्स, भौरासला, रोड़ सावेंर इन्दौर एवं इण्डेक्स मेडिकल कॉलेज इन्दौर की ओर सूचनार्थ एवं इस निवेदन के साथ अग्रेषित कि दिनांक 28/05/2025 तक के सभी परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय में दिनांक 29/05/2025 तक भिजवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें ताकि उन की सूक्ष्म जांच का कार्य समय पर पूरा हो सकें तथा शेष परीक्षा आवेदन–पत्र दिनांक 30/05/2025 (5.00 Pm) तक भिजवाने की व्यवस्था सुनिश्चित केरें।

2– संकायाध्यक्ष, छात्र–कल्याण,/निदेशक, महाविद्यालयीन विकास परिषद

3– कुलपतिजी के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक

4– परीक्षा/गोपनीय के संबंधित सहायक,

5– पूछताछ कक्ष, की ओर सूचनार्थ अग्रेषित ।

7– उपकुलसचिव (परीक्षा)/गोपनीय

(2–7: **देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर**)

8– आई.टी. सेंटर,/प्रेस कंट्रोल रूम, दे.अ.वि.वि., इंदौर

9– शाखा प्रबंधक, विश्वविद्यालय प्रांगण शाखा, स्टैट बैंक ऑफ इण्डिया, इन्दौर

10– मुख्य प्रबंधक, बैंक ऑफ इण्डिया, 575/1 पलासिया शाखा, एम.जी.एम. रोड़, इन्दौर, की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।

**सहायक कुलसचिव (परीक्षा)**

**E/Shiva Rana/Medical/A/16102025**